भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 556**

उत्तर देने की तारीख 06 फरवरी, 2024
17 माघ, 1945 (शक)

## नए स्टेडियमों का निर्माण

**556. श्रीमती केशरी देवी पटेल :**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश के ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने तथा युवाओं में खेलों के प्रति रुचि पैदा करने के लिए सरकार की योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान इस संबंध में क्या प्रगति हुई है;

(ग) विगत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश सहित देश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूदा और निर्मित स्टेडियमों की संख्या का राज्य / संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और उनकी संख्या कितनी है;

(घ) विगत पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश में विशेषकर फूलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में निर्मित नए स्टेडियमों के लिए जारी की गई निधियों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने नए स्टेडियमों के निर्माण और मौजूदा स्टेडियमों के नवीकरण के लिए निधियां आवंटित की हैं;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) देश के ग्रामीण क्षेत्रों विशेषकर उत्तर प्रदेश में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए वर्तमान योजनाओं और परियोजनाओं का राज्य / संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**

**(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)**

(क) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खेल अवसंरचना और अन्य सुविधाओं के निर्माण सहित खेल के विकास का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों का होता है । केंद्र सरकार उनके प्रयासों में सहायता करती है । युवा कार्यकम और खेल मंत्रालय देश के ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं में खेलों के प्रति रुचि विकसित करने के लिए निम्नलिखित स्कीमें कार्यान्वित करता है :

(i) “खेलो इंडिया – राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम” स्कीम; (ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता; (iii) अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के विजेताओं और उनके कोचों को विशेष पुरस्कार; (iv) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार; (v) मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन; (vi) पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय खिलाड़ी कल्याण स्कीम; (vii) राष्ट्रीय खेल विकास निधि और (viii) भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केन्द्रों का संचालन ।

उपर्युक्त स्कीमों का विवरण इस मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइट पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है ।

(ख) पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों के संवर्धन सहित खेल स्कीमों के अंतर्गत आवंटित धनराशि और किए गए व्यय का विवरण निम्नानुसार है :

(करोड़ रु.)

| क्र.सं. | वित्तीय वर्ष | आवंटित धनराशि | किया गया व्यय (02.02.2024 तक) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2018-19 | 1381.52 | 1297.38 |
| 2 | 2019-20 | 2000.00 | 1989.39 |
| 3 | 2020-21 | 1313.40 | 1304.12 |
| 4 | 2021-22 | 1993.00 | 1748.76 |
| 5 | 2022-23 | 1907.69 | 1879.99 |
| 6 | 2023-24 | 2380.86 | 1696.80 |

(ग) से (च) : खेलो इंडिया स्कीम के "खेल अवसंरचना का निर्माण और उन्नयन" घटक के तहत यह मंत्रालय देशभर में बुनियादी खेल अवसंरचना के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है । इसके अलावा, राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के तहत सरकार देशभर में खेल सुविधाओं के निर्माण और उन्नयन के लिए विभिन्न संस्थानों और व्यक्तियों को सहायता प्रदान करती है ।

इस मंत्रालय में धनराशि स्कीम-वार आवंटित की जाती है, राज्य-वार नहीं । अब तक, इस मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश राज्य सहित देशभर के विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में विभिन्न श्रेणियों की 325 खेल अवसंरचना परियोजनाओं को संस्वीकृत किया है । देशभर में खेलो इंडिया स्कीम और एनएसडीएफ के तहत संस्वीकृत खेल अवसंरचना का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in और http://www.nsdf.yas.gov.in/nsdf-glance.html पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है ।

(छ) उपर्युक्त (क) के अनुसार ।

*****